RAF SECTOR

NEWS CLIP

11/08/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत द्रुत कार्य बल द्वारा आयोजित हुआ विविध कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रयाग

प्रयागराज। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत 91वी बटालियन द्रुत कार्य बल के कमांडर अमिताभ कुमार के निदेशानुसार ग्रुप कमांडर राम प्रकाश यादव के नेतृत्व में विविध कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। महोत्सव को सफल बनाने हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहरी सोरांव के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र नारायण त्रिपाठी, सहायक अध्यापक अनीता यादव, कल्पना पांडे व अन्य अध्यापकगण के साथ स्कूल में मौजूद सभी बच्चों को तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर श्री यादव ने कहा कि सभी देशवासियों को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार व सजग रहने के साथ-साथ अमृत महोत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। राम प्रकाश यादव के नेतृत्व में वी/91 द्रुत कार्य बल के सैकड़ो कर्मियो द्वारा कम्पनी समूह केन्द्र से बाइक से तिरंगा यात्रा प्रारम्भ होकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गोहरी, शांतिपुरम, मलाक हरहर, शिवगढ़, हाजीगंज आदि क्षेत्रो मे भ्रमण कर तिरंगे के महत्व को समझाते हुए देशभक्ति की भावना की जागरूकता के साथ वापस कंपनी लोकेशन पर आयोजन का समापन किया गया।

Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)

भाजपा के तिरंगा यात्रा में शामिल कार्यकर्ता ● साभार : संगठन

आरएएफ 91 बटालियन की बी कंपनी द्वारा गोहरी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों को तिरंगा बांटते जवान ● साभार : आरएएफ

फाफामऊ में आजादी महोत्सव के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल लोग ● जागरण

Jaltedeep, Jaipur, (RAJ)

आरएएफ ने मोटरसाइकिल रैली से आम लोगों को किया जागरूक

हर घर तिरंगा अभियान

जलतेदीप, कासं, जयपुर

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे ''हर घर तिरंगा'' अभियान को सफल बनाने के प्रयासों के तहत प्रवीण कुमार सिंह, कमान्डेंट-83 बटा. द्रुत कार्य बल के नेतृत्व में 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आज दिनांक 10/08/2022 को 83 बटा. द्रुत कार्य बल के रि.पु.बल ने एक विशाल मोटरसाइकिल रैली का जलमहल से शुभारम्भ किया तथा जलमहल से रामगढ़ मोड़, जयसिंहपुरा खोर, नाई की थड़ी, लालवास गॉव के रास्ते से होते हुए वाहिनी कैम्प, लालवास, जयपुर (राज) तक बल के जवानों द्वारा रैली निकालकर आमजन को ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित/जागरूक किया। इसके अतिरिक्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्द्रगढ़, तहसील जमवारामगढ़, जिला जयपुर (राज) में भी ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूल के बच्चों एवं गॉव के लोगों को जागरूक किया। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार सिंह, कमान्डेण्ट ने आमजन को आजादी के 75 वें अमृतमहोत्सव से अवगत करवाते हुए बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' अभियान को पूरा करने में सब स्वेच्छा से आगे आये एवं इस अभियान को पूरा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही महोदय ने यह भी बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बार आजादी के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे है। ये समय हमारे वीरों को याद करने का है, भारत आज दुनिया में सशक्त भारत बनकर उभरा है।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

83BN RAF DISTRIBUTED NATIONAL FLAGS UNDER "HAR GHAR TIRANGA" PROGRAMME, JAIPUR, (RAJ)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।